आ0सं0ः–भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–07 / 2023.............दिनांक–

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

# आदेश

केन्द्र प्रायोजित स्कीम अन्तर्गत व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद के जजेज कॉलनी में 10 पी०ओ० आवास (जी०+5) का निर्माण कार्य के विभागीय निविदा में Tools & Plants के invoice में अधिरोपित जी०एस०टी० का दर गलत होने के कारण मुख्य अभियंता(दक्षिण) के पटना पत्रांक–828 दिनांक–09.05.2023 द्वारा संवेदक को दोषी मानते हुए इनके विरूद्ध बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली–2007 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी।

मुख्य अभियंता(दक्षिण) के पटना पत्रांक–828 दिनांक–09.05.2023 के द्वारा की गई अनुशंसा के आलोक में अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव की अध्यक्षता में आयोजित संवेदको के निलंबन / कालीकरण संबंधित बैठक दिनांक–30.05.2023 में इस पर विचार किया गया तथा विचारोपरांत सात सदस्यीय समिति के द्वारा संवेदक से स्पष्टीकरण करने का निर्णय लिया गया । तदालोक में विभागीय पत्रांक–5456 दिनांक–05.07.2023 द्वारा संवेदक से स्पष्टीकरण किया गया । जिसका जवाब अप्राप्त है ।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव की अध्यक्षता में कालीकरण/ निलंबन संबंधी बैठक दिनांक–26.07.2023 को हुई, जिसमें समिति द्वारा संवेदक को स्मार पत्र भेजने के साथ–साथ प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से भी सूचित करने का निर्णय का लिया गया । तदनुसार विभागीय पत्रांक–6283 दिनांक–03.08.2023 द्वारा संवेदक को स्मारित करते हुए विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से प्रेस विज्ञप्ति भी प्रकाशित की गयी। संवेदक से स्पष्टीकरण का जवाब अप्राप्त हैं।

पुनः दिनांक–26.09.2023 को अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव की अध्यक्षता में कालीकरण / निलंबन संबंधी बैठक हुई, जिसमें विचारोपरांत सात सदस्यीय समिति द्वारा संवेदक के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए उनके निबंधन को दो वर्षो के लिए निलंबित करने का निर्णय लिया गया ।

अतः संवेदक, मे० राज कन्सट्रक्शन, मेन रोड, ओबरा, औरंगाबाद का निबंधन संख्या–1220033 को आदेश निर्गत होने की तिथि से दो वर्षों के लिए निलंबित किया जाता हैं ।

ह0 / –

**(सुधांशु शेखर राय)**

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–07 / 2023 पटना,दिनांक–

स्पीडपोस्ट

प्रतिलिपिः–संवेदक, मे० राज कन्सट्रक्शन, मेन रोड, ओबरा, औरंगाबाद का निबंधन संख्या–1220033 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–07 / 2023 पटना,दिनांक–

प्रतिलिपिः–सचिव के आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग / पथ निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थय अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / ऊर्जा विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / प्रबंध निदेशक बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना / मुख्य महाप्रबंधक(परियोजना), बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना / सभी मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता,भवन निर्माण विभाग / मुख्य अभियंता योजना एवं विकास विभाग / मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0 / –

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–07 / 2023......... 9144(अ1) पटना,दिनांक– 8/11/23

प्रतिलिपिः–आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

8-11-23

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव